मिक्स लोड सेवा (एच.टी–4)	8.05 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 215 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह	मिक्स लोड सेवा (एच.टी–4)	8.05 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 240 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह

वृहद औद्योगिक श्रेणी (एच टी–5)

विशिष्टियाँ	मौजूदा: ऊर्जा प्रभार (कुल उपभोग पर)	मौजूदा: स्थाई प्रभार	विशिष्टियाँ	अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार (कुल उपभोग पर)	अनुमोदित: स्थाई प्रभार
(A) स्वीकृत संबद्ध भार 150 एच.पी. से अधिक और/ या अधिकतम अनुबंधित/अधिकतम मांग 125 के.वी.ए. से ऊपर	7.30 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 270 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह	(A) स्वीकृत संबद्ध भार 150 एच.पी. से अधिक और/ या अधिकतम अनुबंधित/अधिकतम मांग 125 के.वी.ए. से ऊपर	7.30 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 300 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह
(B) ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है	6.30 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 270 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह	(B) ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है	6.30 रू प्रति यूनिट	बिलिंग डिमाण्ड का 300 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह

वृहद् औद्योगिक श्रेणी के लिये वोल्टेज वार अनुमोदित टैरिफ*

स्वीकृत सम्बद्ध भार 150 एचपी से ऊपर या 125 कवीए से अधिक अनुबंधित / अधिकतम मांग वाले उपभोक्ताओं के लिए वोल्टेज वार *

वोल्टेज स्तर	मौजूदा: ऊर्जा प्रभार	मौजूदा: स्थाई प्रभार	वोल्टेज स्तर	अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार	अनुमोदित: स्थाई प्रभार
11 केवी	7.300	बिलिंग मांग का 270 रू. प्रति केवीए प्रति माह	11 केवी	7.300	बिलिंग मांग का 300 रू. प्रति केवीए प्रति माह
33 केवी	7.081		33 केवी	7.081	
132 केवी	7.008		132 केवी	7.008	
220 केवी	6.935		220 केवी	6.935	

ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वोल्टेज वार* दरें

वोल्टेज स्तर	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार	वोल्टेज स्तर	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार
11 केवी	6.300	बिलिंग मांग का 270 रू. प्रति केवीए प्रति माह	11 केवी	6.300	बिलिंग मांग का 300 रू. प्रति केवीए प्रति माह
33 केवी	6.111		33 केवी	6.111	
132 केवी	6.048		132 केवी	6.048	
220 केवी	5.985		220 केवी	5.985	

* वृहद औद्योगिक श्रेणी के लिये कोई अन्य वॉल्टेज छूट प्रयोज्य नहीं होगी।

न्यूनतम ऊर्जा प्रभार'

वोल्टेज स्तर	मौजूदा टैरिफ: ऊर्जा प्रभार	वोल्टेज स्तर	अनुमोदित टैरिफ: ऊर्जा प्रभार
11 केवी	6.00	11 केवी	6.00
33 केवी	5.82	33 केवी	5.82
132 केवी	5.76	132 केवी	5.76
220 केवी	5.70	220 केवी	5.70

* वृहद औद्योगिक श्रेणी के लिये कोई अन्य वॉल्टेज छूट प्रयोज्य नहीं होगी।

विद्युत चलित वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन (एल टी –8 और एच टी –6)

मौजूदा: श्रेणी	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार	अनुमोदित: श्रेणी	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार
सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एल टी –8)	6.00 रू. प्रति यूनिट	स्वीकृत सम्बंद्व भार का 40 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह	सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एल टी –8)	6.00 रू. प्रति यूनिट	स्वीकृत सम्बंद्व भार का 45 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह
सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एच टी –6)	6.00 रू. प्रति यूनिट	135 रू. प्रति केवीए प्रति माह	सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एच टी –6)	6.00 रू. प्रति यूनिट	150 रू. प्रति केवीए प्रति माह

टीओडी छुट और अधिभार (एनडीएस (एचटी–2), मध्यम उद्योग (एचटी–3), बड़े उद्योग (एचटी–5) और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (एलटी–8 और एचटी–6) पर लागू)

स्लॉट्स	6:00AM to 8:00AM (2 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर अधिभार	12:00PM to 4:00PM (4 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर छुट	6:00PM to 10:00PM (4 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर अधिभार
अनुमोदित टीओडी	5%	10%	10%

ट्रैक्शन लोड (एच टी–7)

मौजूदा: श्रेणी	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार	अनुमोदित: श्रेणी	ऊर्जा प्रभार	स्थाई प्रभार
ट्रैक्शन लोड (एच टी–7)	5.70 रू. प्रति यूनिट	135 रू. प्रति केवीए प्रति माह	ट्रैक्शन लोड (एच टी–7)	5.70 रू. प्रति यूनिट	150 रू. प्रति केवीए प्रति माह

अन्य टैरिफ:

(अ) व्हीलिंग शुल्क

वोल्टेज स्तर	मौजूदा टैरिफ(रू./यूनिट)	अनुमोदित टैरिफ(रू./यूनिट)
132 KV	0.01	0.01
33 KV	0.15	0.13
11 KV	0.79	0.74

(ब) क्रॉस सब्सिडी प्रभार

ओपन एक्सेस उपभोक्ता श्रेणी	वोल्टेज	मौजूदा टैरिफ (रू./यूनिट)	अनुमोदित क्रॉस सब्सिडी प्रभार (रू./यूनिट)
अघरेलू	11 केवी.	2.23	1.59
	33 केवी.	2.16	1.59
	132 केवी. और उससे ऊपर	2.14	1.59
मिक्स लोड/बल्क सप्लाई	11 केवी.	1.92	1.59
	33 केवी.	1.86	1.59
	132 केवी. और उससे ऊपर	1.84	1.59
वृहद् उद्योग	11 केवी.	1.58	1.59
	33 केवी.	1.67	1.59
	132 केवी. और उससे ऊपर	1.65	1.59

(स) अतिरिक्त सरचार्ज

अतिरिक्त सरचार्ज	मौजूदा टैरिफ(रू./यूनिट)	अनुमोदित (रू./यूनिट)
	0.89	0.53

(द) हरित टैरिफ

हरित टैरिफ (Green Tariff) (रू./यूनिट) सामान्य टैरिफ से ऊपर	0.21 (रू./यूनिट)

नोट :– वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।

JPR 2871 (2024) — अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
राज.संवाद/सी/24/3662 — जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

आर्मी के कमांडों को शिप्रापथ थाने के पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र करके डंडों से पीटा

पुलिसकर्मियों ने आर्मी के जवान को अपराधियों के बीच बैठाकर यह कहते हुए जलील भी किया कि ''पुलिस, भारतीय सेना की बाप है।''

जयपुर, (कासं)। सेना के कमांडो सीमा पर भले ही दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हैं, लेकिन अपने घर में पुलिस से हार जाते हैं। जयपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। मानसरोवर के शिप्रा पथ थाने में पुलिस ने सेना के एक कमांडो को न सिर्फ निर्वस्त्र कर डंडों से पीटा, बल्कि अपराधियों के बीच बैठाकर पुलिसकर्मियों ने कहा ''पुलिस, भारतीय सेना की बाप है।'' इसकी शिकायत कमांडो ने जब सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की तो वे सोमवार को थाने पहुंचे और ए.सी.पी. संजय शर्मा को जमकर फटकार लगाई। राठौड़ ने खुद यह घटनाक्रम मीडिया को बताया।

दरअसल, 11 अगस्त को सेना के कमांडो अरविंद अपने परिचित जवान के केस के सिलसिले में जानकारी लेने थाने गए थे। थाने में पुलिसवालों ने ठीक से व्यवहार नहीं किया। उन्होंने खुद के सेना में होने का परिचय दिया। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मियों ने कमांडो को गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया और हवालात में डालकर कपड़े उतारकर पीटा। कमांडो को जमकर जलील किया गया। कमांडो अभी बारामूला जम्मू कश्मीर में तैनात हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की। सेना के कमांडो से मारपीट पर मंत्री इतने नाराज हुए कि थाने पहुंच गए। कर्नल राठौड़ ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिसवालों से कमांडो के साथ मारपीट करने पर सवाल-जवाब किए। इस दौरान पुलिस के कई वरिष्ठ अफसर भी पहुंच गए। मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने मोबाइल में पीड़ित के साथ मारपीट के सबूत दिखाए। इस पर ए.सी.पी. संजय शर्मा ने तर्क दिया कि कमांडो ने पुलिसकर्मियों को गाली दी, मुझे भी गाली दी है।



जयपुर के शिप्रा पथ थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा सेना के कमांडों से मारपीट करने की घटना से नाराज सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इतने नाराज हुए कि थाने पहुंचकर पुलिसवालों फटकार लगाई।

- **जम्मू-कश्मीर में तैनात इस कमांडो की शिकायत पर सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने थाने पहुंचकर पुलिस अफसरों को फटकार लगाई**
- **मंत्री राठौड़ ने मोबाइल में पीड़ित कमांडो के साथ मारपीट के सबूत दिखाए तो ए.सी.पी. संजय शर्मा ने तर्क दिया कि कमांडो ने पुलिसकर्मियों को गाली दी, मुझे भी गाली दी है।**
- **इस पर मंत्री राठौड़ ने कहा ''हम सेना में थे तो लोग हमें भी खूब गाली देते थे, कोई धैर्य, कोई पेशेंस, कुछ है? कोई जनता की सेवा मन में है या दादागिरी है? ''**
- **कर्नल राठौड़ ने कहा कि, ''ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोग समाज के लिए खतरा हैं, राजस्थान पुलिस, ऐसे कार्मिकों की जांच और इलाज करवाएं। देश की रक्षा करने वालों को वर्दी की धौंस दिखाना कायरता है।''**

नाराज मंत्री राठौड़ ने ए.सी.पी. संजय शर्मा के बीच में बोलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। राज्यवर्धन ने कहा कि, संजय जी, जब मैं बात कर रहा हूं तो आप क्यों बोल रहे हैं? आपको तो बेसिक प्रोटोकॉल ही नहीं पता, मैं बात कर रहा हूं ना। आप वहां किससे बात कर रहे हैं? उसे छोड़िए गाली तो बहुत छोटी चीज हो गई। ये तो मुझसे ही लड़ना चाहते हैं। मैं यहां धैर्य से सब सुन रहा हूं, लेकिन संजय शर्मा कंटेस्ट करना चाहते हैं। जब आपसे बात की जाए तो जवाब दीजिए, नहीं तो सावधान में खड़ा रहिए। यहां नहीं खड़े रहना चाहते तो अपने दफ्तर जाइए।

राज्यवर्धन ने कहा कि, ''आपने बेसिक मैनर्स नहीं सीखे। पुलिस के अंदर वर्दी है तो अलग रौब हो गया है। कोई धैर्य, कोई पेशेंस, कुछ है? कोई जनता की सेवा मन में है या दादागिरी है? आप ऐसे लोगों को सामने क्यों रखते हो? मैंने आपको धैर्य से कॉल किया, वो तो मुझसे ही लड़ रहे हैं। उसको गाली दी या नहीं, भाड़ में जाए। आपने सेना में कमांडो को निर्वस्त्र करके डंडे मारे या नहीं मारे?

मंत्री राज्यवर्धन ने पुलिस अफसरों से कहा कि, जिसके पास ताकत होती है, उसको धैर्य की बहुत जरूरत है। धैर्य होना चाहिए। जब हम सेवा में थे। हमारे को लोग गाली-गलौज नहीं करते थे क्या? हमसे भी बहुत गाली गलौच करते थे, लेकिन ध्यान नहीं देते थे। फर्क नहीं पड़ता। जिसको बोलना है, बोलने दें। हम अपना काम करते थे। आप अपना काम करते रहिए। आपको दिखाने की क्या जरूरत पड़ गई कि कौन ज्यादा ताकतवर है?

शिप्रापथ थाने में मंत्री राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, कश्मीर में तैनात कमांडो जयपुर आता है। उस कमांडो को पकड़कर पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र करके डंडों से खूब पिटाई की। फिर निर्वस्त्र करके लोगों के बीच में बैठाकर पुलिसकर्मी उसे दोहराते हैं कि पुलिस, भारतीय सेना की बाप है। यह अत्यंत दुःख की बात है। यह घिनौनी मानसिकता दिखाता है। मैं वर्दी में रहा हूं। राजस्थान पुलिस पर विश्वास है कि ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले पुलिसवालों की जांच और इलाज करवाएं। ऐसे लोग समाज के लिए खतरा है। देश की रक्षा करने वालों को वर्दी की धौंस दिखाना कायरता है।

राठौड़ ने कहा कि यह सरकार के जीरो टोलरेंस में आता है। पुलिस को पावर देश के संविधान और सरकार ने दी है। उसके पीछे जिम्मेदारी भी है। मैंने सैनिक की मेडिकल रिपोर्ट देखी है, तस्वीरें देखी हैं। एक भारतीय सैनिक को पांच-पांच पुलिसवाले मिलकर बुरी तरह पीट रहे हैं। उसे बिना कारण मारा गया। मैंने डीजीपी और पुलिस कमिश्नर से बात की है, दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन मुझे लगा कि एक सैनिक के साथ इतनी बड़ी घटना हुई है तो मेरा यहां आना जरूरी था, इसलिए यहां आया।

वहीं सब इंस्पेक्टर बन्ना लाल का कहना है कि, अधिकारियों के निर्देशानुसार हुक्का-बार पर कार्रवाई की गई थी। मुझे किसी को छोड़ने के आदेश नहीं थे। सिफारिश करने आए व्यक्ति ने रौब जताना शुरू कर दिया था। अभद्रता करने पर उसके खिलाफ भी रोजनामचे में रपट डालकर कार्रवाई की गई। मेरे जाने के बाद किन पुलिसकर्मियों से उसकी कहासुनी-मारपीट हुई, इस बारे में मुझे पता नहीं है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार शाम को जयपुर शहर में हुई तेज बारिश के दौरान जवाहर सर्किल, मालवीय नगर अंडर पास, सांगानेर क्षेत्र, चौमूं पुलिया, ढेर के बालाजी चौराहा, 9 नंबर और 14 नंबर चौराहे का जायजा लिया।

दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति देने का आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक भर्ती-2022 में स्नातक के साथ दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति के पात्र मानते हुए अभ्यर्थियों को तीन माह में नियुक्ति देने को कहा है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश हेमलता व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 16 फरवरी 2022 को तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक भर्ती निकाली थी। जिसके पैरा नंबर 6.2 में विशेष शिक्षा में बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया।

सुरक्षा गार्ड ने की बच्ची से छेड़छाड़

जयपुर । विद्याधर नगर में पांच वर्षीय बच्ची से गंदी हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों के साथ वह मंदिर में चल रहे कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। यहां मासूम को अकेला पाकर सुरक्षा गार्ड ने बाथरूम में लेकर जाकर गंदी हरकत की। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित गार्ड को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि विद्याधर नगर इलाके में स्थित मंदिर में परिचित ने रविवार को सहस्त्र घट का कार्यक्रम रखा था। रविवार दोपहर वह पत्नी और पांच वर्षीय बच्ची बेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने मंदिर आए थे।

गलता कुंड में डूबने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

जयपुर । गलता गेट थाना इलाके में सोमवार को कावड़ लेने आए दो चचेरे भाइयों की गलता कुंड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वह अपने दोस्तों के साथ कावड़ लेने के लिए गलताकुंड आए थे और नहाने के लिए छलांग लगाने पर दोनों भाई डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में भिजवा कर परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। परिजनों की मौजूदगी में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर उनके हवाले कर दिया गया। एसआई गिरिराज ने बताया कि गलताकुंड में डूबने से सवाई माधोपुर निवासी सोनू (20) और राहुल (23) की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई कानोता में मीना पालड़ी में रहते थे और सोमवार दोपहर को तीन दोस्तों के साथ गलताजी कावड़ लेने आए थे। गलताजी पहुंचते ही सीढ़ियों पर अपने तीनों साथियों को चढ़ता छोड़कर भागते हुए नहाने के लिए जनाना कुंड में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद दोनों एक-दूसरे को पकड़कर पानी में डूबते दिखाई देने पर लोगों ने हंगामा मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी।

सलूंबर विधानसभा के लिए उपचुनाव की तैयारी शुरू

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में होने वाले पांच विधानसभा उपचुनाव के साथ ही सलूंबर विधानसभा उपचुनाव के लिए भी कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। पांच विधानसभा क्षेत्र झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहले से ही कमेटियों का गठन कर दिया गया था। अब सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी वरिष्ठ नेताओं की कमेटी का गठन कर तैयारी शुरू कर दी गई है।

सलूम्बर विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने

- **कांग्रेस ने बनाई चार नेताओं की कमेटी**

संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने हेतु चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। राजस्थनान प्रदेश कांग्रेस महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि समिति द्वारा ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक ली जाकर क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा। साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव हेतु कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु रूपरेखा तैयार की जायेगी। उन्होंने बताया कि सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव में पार्टी संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र में जमीनी स्तर तक सक्रियता बढ़ाने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

गठित समिति में विधायक अर्जुनसिंह बामनिया, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष कचरूलाल चौधरी, उदयपुर से रहे लोकसभा प्रत्याशी ताराचंद मीणा एवं पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा को शामिल किया गया है।

मूसलाधार बारिश ने जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोली, अधिकांश सड़कें जलमग्न

बीते दो दिनों में जयपुर शहर में करीब 5 इंच से अधिक बारिश दर्ज, आज भी बारिश की संभावना

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर में बीते 2 दिनों में पांच इंच बरसात दर्ज हुई है। आगामी 2-3 दिन बारिश दौर बने रहने की संभावना है। शनिवार रात से शुरू हुई बारिश थम-थमकर सोमवार को भी जारी रही। कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश के कारण शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। जलमहल का पानी भी पाल लांघकर सड़क पर आ गया, वहीं डूब क्षेत्र की कॉलोनियों में जलभराव के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी क्षेत्र, एम.आई.रोड, परकोटा, कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, कनकपुरा-खिरणी फाटक, मालवीय नगर में नंदपुरी अंडरपास और ब्रह्मपुरी नाले के पास जलभराव के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। शहर की अधिकांश सड़कें बारिश के कारण टूट चुकी है, जिन्हें दुरुस्त नहीं किए जाने के कारण बड़े-बड़े खड्ढ़े लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। साथ ही ट्रेफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है।

तेज बारिश के कारण द्रव्यवती नदी उफान पर बहने लगी है। यहां महारानी फार्म पर नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगा। पुलिया पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। पैदल जाने वाले लोग भी पुलिया के दोनों तरफ खड़े नजर आए। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर गाड़ियों से पुलिया पार करते दिखे। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बैरिकेडिंग कर गाड़ियों को सड़क पार करने से रोका। सीकर रोड से ढेहर का बालाजी जाने वाली सड़क पर करीब तीन फीट तक पानी भर गया। इससे जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर पानी भरने से बड़े वाहन बस-कार निकलने पर दुकानों में पानी जाता है। इससे स्थानीय दुकानदार काफी परेशान है। यहां अतिक्रमण के कारण नालियां चौक हो चुकी है। इससे हर बारिश में यहां पानी भरता है। जिम्मेदारों को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

यहां के पानी की निकासी अमानीशाह नाले से कनैक्ट कर दी जाए तो इस समस्या का समाधान हो जाएगा। कालवाड़ रोड पर रावण गेट चौराहे से लेकर हाथोज तक मुख्य सड़क पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर करीब 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। सड़क में जगह-जगह गड्ढ़े होने के कारण आये दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही हाल खिरणी फाटक और सिरसी रोड का है। यहां भी कई कॉलोनियों में जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही हैं। मालवीय नगर के नंदपुरी अंडरपास में बारिश का पानी भरने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है, सोमवार को कई वाहन पानी के बीच में जाकर फंस गए, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा। मोतीडूंगरी रोड पर भी दुकानों में पानी भर गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बार बारिश पर यहां जलभराव की स्थिति नजर आती है। दुकानों में पानी भर जाता है, पानी के कारण सड़क और फुटपाथ की दूरी का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे हादसे भी होते हैं। इसी तरह करतारपुरा नाले के पास बनी कॉलोनियों में पानी भरा नजर आया। नाले का पानी पुलिया के ऊपर से तेज बहाव में बहने लगा। यहां बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक को बंद किया गया। यहां प्रशासन की ओर से नाले के पास जेसीबी से सफाई करवाई जा रही थी। हालांकि निगम कर्मचारी बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। नाले के पास बनी कॉलोनी में पानी भरा नजर आया।

स्थानीय पार्षद महेंद्र हिंगोनिया ने बताया कि तेज बारिश से पथिक भवन बागवान विहार में मिट्टी के कट्टे डलवाए गए। 500 मिट्टी के कट्टे निगम और 200 कट्टे जेडीए से मंगवाकर नाले के पास स्थित मकान के पास डलवाए गए हैं। करतारपुरा नाले से जो सड़क स्वेज फार्म की ओर जाती है। उसे पानी के तेज बहाव के कारण बंद करवाया गया। वहीं मुहाना मंडी रोड पर केसर चौराहा के पास तेज बारिश से सड़क पर चार फीट गहरा और 15 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवरेज में बारिश के पानी के रिसाव के कारण सड़क धंस गई। यहां मिट्टी डालने के लिए जो ट्रैक्टर आया था, उसका टायर भी सड़क धंसने से तीन फीट गड्ढे में चला गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया।

परकोटे में चांदी की टकसाल से लेकर सुभाष चौक तक सड़क पर पानी भर गया। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी मंदिर के बाहर पानी भर गया। यहां मंदिर में घुसने से पानी को रोकने के लिए तीन लेयर में लोह की बैरिकेडिंग की गई। इसके बावजूद पानी मंदिर के अंदर पहुंच गया। सड़क पर पानी भरे होने के कारण श्रद्धालु बाहर से ही भगवान के दर्शन किए। हाल ही में हैरिटेज मेयर ने यहां ड्रेनेज सिस्टम सुधारने का दावा किया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां तेज बारिश में तीन-चार फीट पानी भर जाता है।

सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेज बारिश के कारण सीकर रोड स्थित ढेहर के बालाजी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर 3 फीट तक पानी भरा रहा। इस दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

- **टूटी सड़कों से गुजरना हुआ दूभर; गड्ढ़ों में गिरकर चोटिल हो रहे लोग, ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ी**
- **सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी, जलमहल, नंदपुरी अंडरपास, कालवाड़ रोड समेत कई इलाकों में पानी भरा**

बारिश के दौरान एसएमएस अस्पताल के बाहर घुटनों तक पानी भर गया। यहां आने वाले मरीजों, उनके परिजन और डॉक्टर्स को पानी से होकर गुजरना पड़ा। एसएमएस हॉस्पिटल के अंदर भी डॉक्टर्स-ड्यूटी रूम और कुछ वार्डों में पानी टपकता रहा। मरीजों के साथ मौजूद परिवार के लोगों ने बताया कि साउथ विंग सेकेंड में हालात नहीं सुधरे हैं। यहां पानी ऊपर से टपक रहा है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रविवार को ड्यूटी रूम में शॉर्ट सर्किट भी हुआ था।

हर जिले में वृद्धाश्रम खोलने को लेकर जानकारी मांगी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम के तहत हर जिले में 150 लोगों की क्षमता का वृद्धाश्रम खोलने के संबंध में बजट आदि को लेकर दो सप्ताह में जानकारी मांगी है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश लोक उत्थान संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि वृद्धाश्रम खोलने के लिए 9 एनजीओ ने आवेदन किया है। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र सोनी ने कहा कि हर जिले में वृद्धाश्रम खोलने के बजट आदि की जानकारी नहीं दी गई है। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले में दो सप्ताह का समय मांगा गया। गौरतलब है कि पूर्व में राज्य सरकार ने शपथ पत्र पेश कर अदालत को जानकारी दी गई थी कि प्रदेश में 40 वृद्धाश्रम और 16 डे केयर सेंटर खोले गए हैं। वहीं पुलिस की ओर से तैयार वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा एप्लिकेशन भी काम कर रही है।

एस.एम.एस. अस्पताल में डॉक्टर्स ने शुरू की हड़ताल

जयपुर,(का.सं.)। सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने आर.जी. के.ए.आर. मेडिकल कॉलेज में हुई भयावह घटना से क्षुब्ध होकर हड़ताल की घोषणा की है। हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

जार्ड की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज जहां एक ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बेरहमी से बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। हम रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ अटूट एकजुटता के साथ खड़े हैं। राष्ट्रव्यापी फ़ेडरेशन ऑफ़ रेजिडेंट डॉक्टर्स द्वारा शुरू की गई हड़ताल के समर्थन में एसोसिएशन और आम सभा की बैठक की सर्वसम्मति के आधार पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर, में तत्काल हड़ताल शुरू करके चरणबद्ध विरोध का प्रस्ताव करते हैं। इस दौरान ओपीडी, ओटी और वार्डों सहित सभी वैकल्पिक और गैर-आवश्यक सेवाओं का निलंबन रहेगा।

हालांकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों को आपातकालीन सेवाएं मिलती रहेंगी, आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। इस मामले में जार्ड पदाधिकारियों ने पारदर्शी जांच सहित सीबीआई को देने की मांग की है। इसी के साथ जिम्मेदार अधिकारियों का इस्तीफे सहित सभी अधिकारियों के निलंबन की मांग की है। इसके साथ ही परिजनों को पर्याप्त मुआवजे की मांग भी की है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के निर्देश

जयपुर। प्रदेश में अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरों और गांवों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति और पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये गए हैं। विभागीय अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता करने के लिए कहा गया है।

विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस संबंध में सोमवार को वीसी के माध्यम से बैठक लेकर सभी मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान बिजली लाइनों के क्षितग्रस्त होने की संभावना के चलते जलापूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती है।

इस स्थिति से बचने के लिए जेनरेटर सेट किराए पर लिए जाएं तथा वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी के टैंकरों की तैनाती की जाए। साथ ही विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय कर बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट होने पर तुरंत आपूर्ति बहाल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के जल की निकासी के लिए डीजल और बिजली से चलने वाले पंपिंग सेटों को चालू हालत में रखा जाए।

जयपुर जिले के स्कूलों में आज भी रहेगा अवकाश

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर ने 13 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि 12 अगस्त को भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया था। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने आदेश जारी किया है कि जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के सभी राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक सभी छात्र-छात्राओं का मंगलवर को अवकाश घोषित किया जाता है। सभी संस्था प्रधान इस आदेश की पालना सुनिश्चित करेंगे।

शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप लॉंच

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शिक्षा संकुल में राजकीय विद्यालयों मे पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जेडीए में सजाई बर्फानी बाबा की झांकी

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित महाकाल मंदिर में सोमवार को फल-फूलों व बर्फानी बाबा की 15वीं झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में हजारों भक्तों एवं आमजन ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र शर्मा, ओलंपियन एथलेटिक्स खिलाड़ी सपना पूनिया, जेडीए अधिकारी एवं कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बाबू लाल मीणा, राधेश्याम तंवर अध्यक्ष सुप्यार देवी फाउंडेशन, अजय सिंह तंवर, मेघना तंवर सहित गणमान्य अतिथि भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भगवान के भजन शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठे, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गए। कार्यक्रम में आए सभी लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन को अति सुंदर बताया।

घटिया होने के संदेह पर 1200 लीटर घी सीज

जयपुर। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोमवार को को इंदौर से जयपुर लाए जा रहे 1200 लीटर से अधिक घी को अमानक और घटिया होने के संदेह पर सीज किया गया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मदर चॉइस ब्रांड का 705 लीटर एवं मिल्क क्रीम ब्राण्ड का 540 लीटर घी सैंपल लेने के बाद सीज किया गया है। यह घी इंदौर से बस में रखकर जयपुर लाया जा रहा था, जिसे अलग-अलग जगह सप्लाई किया जाना था। जून 2024 माह में भी इस पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए थे, जो अमानक पाए गए थे। कार्रवाई में सीएमएचओ प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, पवन गुप्ता और नरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य सबको जोड़ने का प्रयास है : देवनानी

तिरंगा वॉकेथोन का हुआ आयोजन

अजमेर, (कासं)। हर घर तिरंगा महाअभियान के अंतर्गत सोमवार को तिरंगा वॉकेथोन का आयोजन कर राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रदान किया गया। इसे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि हम सभी मिलकर आजादी का पर्व मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान आरम्भ किया गया। यह समस्त व्यक्तियों को देश के लिए एक करने का प्रयास हैं। तिरंगा हमारी आन, बान एवं शान का प्रतीक है। इसके लिए लाखों जीवनों का बलिदान हुआ है। उनके कारण हम आप स्वतंत्रा वायु में श्वास ले रहे है। इस तिरंगा वॉकेथोन से देशभक्ति का भाव जगेगा। इस दिन हमें देश के दुश्मनों से मुकाबले के लिए एक साथ देश की एकता का प्रण लेना चाहिए। उनके द्वारा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील की गई।

हर घर तिरंगा महाअभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा वॉकेथोन का आयोजन किया गया। इस वॉकेथोन को बजरंग गढ़ से रवाना किया गया। घुडसवार दल की अगुवाई में यह वॉकेथोन वैशाली नगर होते हुए रीजनल कॉलेज चौपाटी तक पहुंची। देशभक्ति पूर्ण गीतों के साथ सभी ने उत्साह से भाग लिया। बैण्ड वादन पर देशभक्ति की मनमोहक धुनें बजाई गई। कारागार प्रशिक्षण संस्थान एवं होमगार्ड के दल द्वारा भी इसमें भाग लिया गया। तिरंगा वॉकेथान पर कई जगह पुष्प वर्षा भी की गई। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार ने कहा कि तिरंगा वॉकेथोन से नई पीढ़ी में देश प्रेम की भावना जाग्रत होगी। उनमें अपने स्वाभिमान से ओतप्रोत इतिहास के प्रति गौरव का भान होगा।इनमें प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह से भाग लेना चाहिए। स्वाधीनता दिवस के पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होने वाले समारोह में सभी को भाग लेना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- हाथों में झंडे लेकर प्रशासन, पुलिस और सीआरपीएफ ने निकाली तिरंगा यात्रा

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक संजय यादव ने कहा कि हमें स्वतंत्राता अथक प्रयासों से मिली है। इसके उत्सव को हमें बड़े हर्ष और उल्लास से मनाना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर लोकेश कुमार गौतम, गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति ककवानी, उपखण्ड अधिकारी अपूर्वा परवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्ग सिंह, कारागार प्रशिक्षण संस्थान के अधीक्षक पारसमल जांगिड़ सहित अधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तन्वी कासलीवाल का अभिनंदन

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। जीवन ज्योति नगर निवासी सुनील बबीता कासलीवाल की होनहार बिटिया तन्वी के पायलेट बनने के बाद पहली बार अमेरिका से किशनगढ़ पहुंचने पर स्वागत कर बहुमान किया। होनहार बिटिया का कॉलोनी वासियों ने ढोल धमाकों के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इन्हे विंटेज कार में बिठाकर जुलूस के रूप में घर पर लाया गया। गौरव पाटनी ने बताया की तन्वी को पायलट का लाइसेंस दो माह पहले यूएसए की फ्लोरिडा से मिला, ट्रेनिंग के बाद प्रथम बार किशनगढ़ पहुंची। राजेश पांडया ने बताया कि देश में दिगंबर जैन समाज की प्रथम महिला कामर्शियल पायलेट है।

पार्षद सुशील अजमेरा ने बताया कि स्वागत समारोह में राजेश पांडया, गौरव पाटनी, सुभाष चौधरी, ललित पाटनी, चंद्रप्रकाश बैद, प्रकाश चौधरी, पुष्पा पांडया, ऐलिस कासलीवाल, पुष्पा पाटनी, शकुंतला मिश्रा, इंद्रा अजमेरा, कीर्ति जैन, मंजू सेठी, गायत्री अग्रवाल, शिल्पा पाटनी, गुणमाला बाकलीवाल, ममता अग्रवाल, अंजू पाटनी, साक्षी चौधरी, सुषमा दोषी, मीना चौधरी, संतोष छापरवाल, गरिमा चौधरी, आरती वैद ललिता शर्मा, अरुणा गोयल, रीटा पाटनी सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

'अधिकारी अपने क्षेत्र में कार्यों की करें पूर्ण मॉनिटरिंग'

नागौर, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार स्थित आईटी केंद्र में वर्चुअली बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा मेला, संगीत कार्यक्रम, शपथ कार्यक्रम, तिरंगा सेल्फी अपलोड, कैनवास आदि कार्यक्रम निर्धारित समय अनुसार पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी झंडा संहिता की पूर्ण पालन करें। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम से जोड़े।

- जिला कलक्टर ने कलक्ट्रेट सभागार स्थित आईटी केंद्र में वर्चुअली बैठक ली

बैठक में जिला कलक्टर पुरोहित ने आपदा राहत प्रबंधन पर बात करते हुए कहा कि पिछले दिनों आई बारिश से जिले में बारिश से हुई मौतें व घायलों की स्थिति की रिपोर्ट शीघ्र भिजवाएं ताकि समय पर सहायता राशि जारी हो सकें। साथ ही बारिश में क्षितग्रस्त हुए मकानों की सूची बनाकर उनके प्रस्ताव भी भिजवाएं, ताकि उन्हें आपदा राहत प्रबंधन (सहायता विभाग) को भेजा जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि बारिश में जानवरों की मौत के आंकड़ों के भी प्रस्ताव बनाकर भेजें। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी बारिश से सड़कें क्षितग्रस्त हुई है और आपदा नियमावली में हो तो उनकी मरम्मत का कार्य के लिए प्रस्ताव प्रेषित करें। इसके साथ ही ग्रामीण व नगरपालिका क्षेत्र में भी संबंधित अधिकारी सड़कों के प्रस्ताव बनाकर भेजें, ताकि समय पर उनकी मरम्मत हो सकें। इस दौरान जिला कलक्टर कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर टीम गठित कर क्षेत्र में भ्रमण करें तथा जहां भी आपदा की स्थिति में सहायता की आवश्यकता हो वहां पर पूर्ण मॉनिटरिंग करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी बारिश में समय रहते आवश्यक तैयारी करें तथा जहां भी सड़क मार्ग अवरुद्ध हुए हैं उन्हें समय पर दुरुस्त करवाएं।

युवती से दोस्ती कर किया दुराचार

अजमेर, (कासं)। अजमेर के क्रिश्चयनगंज थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने के एएसआई सूरज कुमार ने बताया कि महिला ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शेर सिंह रावत से फोन पर दोस्ती हुई थी। 10 अगस्त को युवक मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक होटल में ले गया, जहां उसने दुराचार किया। शेर सिंह आए दिन उसे परेशान करने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसकी सगाई हो गई है लेकिन आरोपी युवक उस पर शादी का दबाव बना रहा है कि सगाई तोड़कर उसके साथ शादी कर ले। मना करने पर वह उसे धमकाने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच उपअधीक्षक स्तर के अधिकारी को जांच सौंपी है।

डीएमएफटी की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

भीलवाड़ा, (निसं)। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की प्रबंधन समिति की बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसमें विधानसभा क्षेत्रवार विकास कार्यों के लिए डीएमएफटी द्वारा जारी किए गए फंड से संबंधित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने विभागों से संबंधित आवश्यक प्रकृति के कार्य जिन्हे आगामी गवर्निंग काउंसिल में शामिल किया जाना है के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव भिजवाने को कहा।

इस बैठक का उद्देश्य डीएमएफटी के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश देना था।

बैठक में ट्रस्ट के सदस्य सचिव खनि अभियन्ता चंदन कुमार, कोषाधिकारी टीना रोलानिया एवं मैनेजिंग कमेटी के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिला कलक्टर ने प्रत्येक विभाग द्वारा किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की और उन कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफटी मद में कुल प्राप्त राशि, कुल व्यय राशि, शेष राशि, स्वीकृति कार्यों पर विभागवार व्यय राशि, स्वीकृत कार्य, पूर्ण कार्य, लंबित कार्य आदि की विस्तार से समीक्षा की।

20वाँ नाट्य समारोह का आगाज़ सितम्बर में

अजमेर, (कासं)। आप-हम एवं सपना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अजमेर का पहला और सबसे बड़ा बच्चों का 20वाँ एबीइन फेस्टिवल (20वाँ अजयमेरू बाल एकांकी नाट्यय समारोह) का आगाज़ सितम्बर माह में होने जा रहा है।

संस्था के आशु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा 19 वर्ष से अनव्रत रूप से नाट्यय समारोह आयोजित किया जा रहा है, समारोह का उद्धेश्य अजमेर में रंगमंच को स्थापित व प्रोत्साहित करना है। समारोह में अजमेर के प्रतिष्ठित विद्यालय भाग लेकर अपनी नाट्यय प्रस्तुति के माध्यम से संस्था के उद्धेश्यों व प्रयासों में अपना योगदान देगी एवं अजमेर का सबसे बड़ा अवार्ड भरतमुनि अवार्ड प्रदान किया जायेगा। संस्था से जुड़े रौनक सोगानी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान अजमेर रत्न की उपाधि से समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

- विभिन्न विद्यालय देगें अपनी नाट्यय प्रस्तुतियां
- रंगमंच को समर्पित कलाकार को प्रदान किया जायेगा भरतमुनि अवार्ड

समारोह से संबंधित आवेदन सभी विद्यालयों को प्रेषित कर दिये गये है, जिन विद्यालयों तक आवेदन नही पहुंचे वह संस्था के ई-मेल-.2001.या 9929097232 पर संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। विद्यालयों को रजिस्ट्रेशन 25 अगस्त तक संस्था द्वारा निर्धारित केन्द्र नितिन आभूषण भंडार, नया बाजार, अजमेर व स्वामी कॉम्पलेक्स के पास स्थित गणगौर में जमा कराना होगा।

बुजुर्ग दंपती की मौत, फेली सनसनी

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर कॉलोनी में बुजुर्ग दंपती की मौत से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला, जबकि पत्नी कमरे में ही मृत पाई गई है। मौत के कारणों का पुलिस पता लगा रही है।

जानकारी के अनुसार पटेल नगर में याशिका हॉस्पिटल के निकट रहने वाले गोपाल सिंह राणावत अपने ही मकान में फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिले जबकि पत्नी स्पायर कंवर घर में मृत मिली। इस बात की जानकारी मिलने पर लोगों ने राणावत को फंदे से उतारा, जबकि पत्नी घर के कमरे में मृत पड़ी हुई थी, जिसकी मौत का कारण फिलहाल सदमा माना जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के चार बेटे थे। इनमें से एक बेटा और पोते की 10 माह पहले गुजरात में नहर में डूबने से मौत हो गई थी, जबकि दो बेटे मध्यप्रदेश गए हुए हैं और एक अरिहंत विहार में रहता है।

'एक शाम राष्ट्र के नाम सांस्कृतिक संध्या कल'

मदनगंज-किशनगढ़, (कासं)। नगर परिषद की ओर से मंझेला रोड़ स्थित कम्युनिटी पार्क में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम राष्ट्र के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने प्रेस से रूबरू होते हुए कहा की पिछले वर्ष यादगार कार्यक्रम की सफलता के चलते शहर वासियो की मांग अनुसार 14 अगस्त को सांय 5 बजे से करीब छ घंटे तक नामचीन कलाकारो के साथ देश में अपनी कला के दम पर चर्चित लंगा एंड पार्टी के फनकार देश भक्ति से ओतप्रोत एक शाम राष्ट्र के नाम में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। सभापति राठौड़ ने कहा नगर परिषद विकास के कामों के अलावा सामाजिक सरोकार में सदैव सक्रिय होकर अपना दायित्व निभा रही है।

पिछले वर्ष प्रतिभावान बच्चो को सम्मानित करने के साथ विभिन्न खेलो का आयोजन करने पर इस बार देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम रखने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया, ताकि सतरंगी पांडल में देश भक्ति का जज्बा जाग्रत हो सके। सभापति राठौड़ ने कहा इस कार्यक्रम के पश्चात शीघ्र ही खेल महाकुम्भ व विधानसभा क्षेत्र के होनहार बच्चो का हौसला बढ़ाने के लिये सम्मानित किया जायेगा। उप सभापति मनोहर तारानी ने कहा की परिषद ने पिछले करीब पौने चार साल में लोगो को मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी, आमजन की भलाई के लिये सदैव तत्पर रहकर सेवा की। इसी कड़ी में देश भक्ति से सरोकार कार्यक्रम का का आयोजन किया जा रहा है, इसमें मिडिया की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस दौरान पार्षद पंकज पहाड़िया, हिम्मत सिंह, अनिल राव सहित परिषद अधिकारी मौजूद रहे।

सभापति दिनेश सिंह राठौड़ प्रेस से रूबरू होते हुए।

'एक शाम देश के नाम' देशभक्ति कार्यक्रम का किया आयोजन

यूनेस्को ने मनाया आजादी का महोत्सव

भीलवाड़ा, (निसं)। जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा एवं अपना संस्थान द्वारा आजादी के महामहोत्सव स्वतत्रंता दिवस पर ''एक शाम देश के नाम'' देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद के टाउन हाल में किया गया।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढा ने बताया कि आजादी के महोत्सव समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'आयो रे आयो मारो ढोलना', 'कदमों से कदम मिलते है, जब ऐसे हम चलते है तो दुश्मन के दिल हिलते है', 'केसरिया बालम', 'जय भारती वंदे भारती', 'लहारा दो...परचम लहरा दो', बुंदेली हर बोली को वह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी वो मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी' जैसी कई प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं में देशभक्ति का जज्बा जगा दिया। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने सभी को स्वंतत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्थानीय स्कूलों व कला संस्थानों द्वारा बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी में देशभक्ति होना आवश्यक है।

समारोह में समाजसेविका पुष्पा गोखरू, मंजू पोखरना, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड बतौर अतिथि उपस्थित थे। समारोह में विभिन्न स्कूलों की प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों का भी यूनेस्को व अपना संस्थान द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता निभाने के लिए जिसमें म्यूजिकल ऐकेडमी के हरिओम राव, रूपी देवी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योति वर्मा, कुडोज किड्स विद्यालय की मधुबाला यादव, डालफीन इंटरनेशनल स्कूल की पूजा कपूर, लाडो एकेडमी के लक्ष्मण सिंह राठौड़, रा.बा.उ.मा.वि. के अवधेश, संस्कार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य अंकिता शर्मा, आर्य बाल विद्यामंदिर के बालमुकुंद आर्य, सेठ मुरलीधर मानसिंहका माध्यमिक विद्यालय की संस्था प्रधान आशा लढा, भीमगंज विद्यालय के संस्थान प्रधान सुधीर पीपाड़ा, नारी शक्ति टेलेंट एकेडमी की सीमा पारीक सहित सभी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आंगतुक अतिथियों का स्वागत सम्मान जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल, अपना संस्थान के प्रदेश सचिव विनोद मेलाना, अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़, साधना मेलाना ने किया।इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, कमलेश जाजू, पुष्पा सुराणा, विद्यासागर सुराणा, विशाल विजयवर्गीय, हरनारायण माली, शंकर लाल गोयल, संजय शर्मा, अध्यापक शांति लाल छापरवाल, चिरंजीलाल टांक, मधुबाला महाजन, दिनेश अरोडा, ओम उज्ज्वल, विजय कोठारी, रामचंद्र मून्दड़ा, गोपाल विजयवर्गीय सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे।

देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद के टाउन हाल में किया।

जलाभिषेक किया

ब्यावर, (निसं)। श्रावण सोमवार के दिन हरिद्वार से गंगाजल का टैंकर मंगवाकर भगवान शिव के रुद्राभिषेक व भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया। शहर व आसपास के गांवो के श्रद्धालुओं सहित शहर के गणमान्य जन प्रतिनिधियों ने आस्था के साथ गंगा जल से भगवान शिव के सहस्त्राभिषेक कर विश्व मे खुशहाली, शांति व सोहार्द की मङ्गलमय प्रार्थना की ।सभापति कनोजिया व जन प्रतिनिधियों का ढोल नगाड़ों व तिलक मोली मंत्रोचार के साथ आयोजन समिति ने किया भव्य स्वागत।

विद्वान पंडितों व पुरोहितों द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार के साथ गंगाजल का स्वागत किया गया। शहर व आसपास के श्रद्धालाओ को शुद्धिकरण के लिए गंगाजल वितरण भी किया गया। सहस्त्राभिषेक में सभापति नरेश कनोजिया, जनसेवक सुभाष राठी, व्यापार संघ अध्यक्ष संजय घीया, ब्यावर जनाधिकार मंच के संयोजक गजराज आचार्य, विहिप के जिला अध्यक्ष सुरेश वैष्णव, पार्षद सम्पत लाल जांगिड़, पूर्व पार्षद राधेश्याम प्रजापति, जय अम्बे डेयरी वाले सुरेश वैष्णव, सूरज - अर्चना कॉलोनी विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी उनमे महेंद्र कोठारी , ओमप्रकाश वैष्णव , कैलाश वैष्णव, लाला अंकल वैष्णव , देवास सरपँच श्रीमती गीता देवी वैष्णव, कन्हैयालाल अग्रवाल, गौतम साहू, राम सांखला, रणजीत सिंह चौहान आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

पवित्र जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों का स्वागत

देवनारायण मंदिर से पवित्र जल लेकर शिव बाजार स्थितनीलकंठ गौरी शंकर महादेव पहुचें

बिजयनगर, (निसं)। सावन के पवित्र माह मे भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर श्रद्धालुओं ने शहर के प्रमुख गौरीशंकर नीलकंठ महादेव मंदिर में सहस्त्र धारा जलाभिषेक किया।

प्रतिवर्ष सावन माह में पैदल कावड यात्रियों द्वारा गुलाबपुरा स्थित देवनारायण मंदिर से पवित्र जल लेकर बापू बाजारस्थित गौरी शंकर नीलकंठ महादेव मंदिर जलाभिषेक किया जाता है इसी क्रम में रविवार प्रातः पैदल कावड़ यात्री सैकड़ो संख्या मे श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जय घोष करते हुए डी जे की घुन पर नाचते झूमते गुलाबपुरा देवनारायण मंदिर से पवित्र जल लेकर शिव बाजार स्थितनीलकंठ गौरी शंकर महादेव पहुचे।

पैदल कावड यात्रियों द्वाराजुलूस निकालते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शिव बाजारसब्जी मंडी विवेकानंद सर्किल महावीर बाजार बापू बाजार होते हुये गौरी शंकरनीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचे ।मंदिर पुजारी भारत शर्मा ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। मंदिर पुजारी भारत शर्मा के सानिध्य कावड़ यात्रियों द्वारा लाये गए पवित्र जल से विधि विधान के साथ भगवान भोलेनाथ का सहस्त्र धारा जलाभिषेक किया गया ।

कावड़ यात्रा में भागचंद टेलर नवीन सोनी गिरधर आगीवाल नीलेश आगीवाल प्रकाश शर्मा रितेश लोढ़ा राजेश माहेश्वरी राजेंद्र तायल दिनेश शर्मा गोपाल सिंह चौहान सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त मातृशक्ति शामिल हुए।कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन के व्यापक बंदोबस्त के बीच इंचार्ज थाना अधिकारी राजमल कुमावत सहित पुलिसकर्मी पुलिस मित्र महिला पुलिस तैनात रहे ।

विजयनगर में पवित्र जल लेकरपहुंचे कावड़ यात्रियों का स्वागत।

सार-समाचार

डॉ राठी सिल्वर मेडल से सम्मानित

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। डॉ मृदुल राठी को पीजीआई चंडीगढ़ मेडिकल इंस्टिट्यूट के दीक्षांत समारोह में चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ द्वारा मेडल व डिग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। मृदुल राठी ने एम एस ई एन टी पीजीआई में प्रथम स्थान से प्राप्त किया। राठी हॉस्पिटल के डॉ संजय राठी व डॉ मंजू राठी के होनहार पुत्र मृदुल ने इससे पूर्व मेडिकल के एंट्रेंस एग्जामिनेशन में मेरिट लिस्ट में आकर किशनगढ़ का गौरव बढ़ाया था। उन्होंने एम्स दिल्ली से एमबीबीएस की पढ़ाई कर पीजीआई चंडीगढ़ से एम एस की पढ़ाई कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनका सपना है कि सिर व गले की बीमारी के अलावा कैंसर में सुपर स्पेशलाइजेशन कर किशनगढ़ की जनता की सेवा कर सके। सफलता का श्रेय गुरु व परिवारजन को दिया है।

प्रदर्शन 14 अगस्त को

भीलवाड़ा, (निसं)। केन्द्र व राज्य सरकार की पूंजीपरस्त कोरपोरेट घरानों को मालामाल करने एवं श्रमिक कर्मचारीयों के हितों के खिलाफ कानूनों में संशोधन करने व श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ नरेन्द्र मोदी, राज्य सरकार के खिलाफ केन्द्रीय श्रमिक संगठनों व स्वतंत्र फेडरेशनों व कर्मचारीयों संगठनों के आव्हान् पर भीलवाड़ा जिले की संयुक्त संघर्ष समिति इंटक, एटक, सीटू व एच.एम.एस. संगठनो के श्रमिक जिलाधीश कार्यालय पर 14 अगस्त 2024 को सुबह 11 बजे प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी एवं जन विरोधी नीतियों तथा राज्य सरकार की श्रमिको की समस्याओं के निराकरण बाबत जिलाधीश महोदय के मार्फत मांग पत्र महामहीम राष्ट्रपति, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा के नाम सौपेगें श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में सुबह 11 बजे जिलाधीश कार्यालय पर पहूँच कर प्रदर्शन को सफल बनाने का आव्हान् किया

सरपंच ने सौपा ज्ञापन

मसूदा,(निसं)। सोमवार को ग्राम पंचायत देवमाली सरपंच द्वारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्राम श्योपुरा की सीमा पर ग्राम पंचायत देवमाली और नंदवाड़ा की सीमा दोनों ग्राम पंचायत देवमाली में आती है। जहां ग्राम नाड़ी खेड़ा ग्राम पंचायत नन्दवाड़ा द्वारा सरकारी डेयरी का निर्माण किया जा रहा है। जोकि ग्राम श्योपुरा की सीमा में है ।ग्राम पंचायत देवमाली के अधीनस्थ है जहां पर पूर्व में भी 15,16 मकान बना लिए और ग्राम पंचायत नन्दवाड़ा द्वारा सरकारी डेरी का निर्माण किया जा रहा है जो की ग्राम पंचायत ग्राम श्योपुरा की सीमा में है। सरपंच ने जापान में बताया कि सरकारी भवन का कार्य तत्काल बंद करवाकर सीमा पर हो रहे अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग की।

जलाभिषेक किया

सरवाड़, (निसं)। भगवान श्री देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी मंदिर प्रांगण में भगवान शिव का हरिद्वार से लाए गए गंगा जल से सहस्त्रधारा जलाअभिषेक किया गया ! इस मौके पर मंदिर पुजारी हेमराज जी पोसवाल ,मंदिर समिति अध्यक्ष जयदेव चाड़,पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर,मालासेरी ठाकुर अनीरूद सिंह ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर, शिवराज शास्त्री,तेजवीर सिंह चुंडावत, नाथू नाथ योगी,शिवराज अरोड़ा, कल्याण गुर्जर ,सवाई सिंह,गुलाब रेबारी, फोजमल गुर्जर,भोजाराम लछुडा,राजमल कोली ,घासीराम जी गुर्जर, दूदाराम जी गुर्जर,देवी लाल माता जी खेड़ा,रामकुवार गुर्जर,सुखदेव पोसवाल,प्रभु लाल पोसवाल ,भारमल पोसवाल, सभी भक्तजन मौजूद रहे।

मातृशक्ति ने चढ़ाई कांवड़

परबतसर, (निसं)। शहर की सुख शांति व गांव की खुशाहली के लिये खारिया तालाब से मातृशक्ति ने गीतों व भजनों कि मनमोहक परसतुतिया से भगवान को रिझाते हुवे मानधनिया के मौहल्ले में स्थित सीताराम जी के मन्दिर में शिवलिंग पर कि पुजा अर्चना कर जलाभिषेक किया और जल चढ़ाया। इस दौरान गीता देवी जाखेटिया,सीतादेवी प्रजापत, प्रमीला देवी पारीक, कामनीदेवी गट्टाणी,मंजुदेवी पारीक,सजना देवी इडिवाल,मंजुदेवी मानधनियाँ,ममता देवी साहु,सरोज देवी झवर,रतनी देवी प्रजापत, प्रेरणा देवी गौड़, पुनम देवी गट्टाणी,सुशीला देवी मानधनियाँ,मांगी देवी झवर,रेखा देवी गौड़,गीता देवी गट्टाणी,सुधा मानधनियाँ,मेना देवी झवर,सलोनीआदि मातृशक्ति ने भाग लिया।

नशा मुक्ति रहने की दिलाई शपथ

शाहपुरा, (कासं)। सोमवार को जिला अभियान हर घर तिरंगा नशा मुक्त समाज के तहत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वधान में नई मुस्कान सेवा संस्थान(नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र शाहपुरा)द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दंड का खेड़ा एवं संस्थान में नशा मुक्ति रहने की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रामेश्वर पहाड़िया उपाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पहाड़िया विमल त्रिपाठी व प्रधानाध्यापक धर्मराज मीणा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार खटीक द्वारा किया गया। इसकी जानकारी राजेन्द्र खटीक ने दी है।

निकाली भव्य कावड़ शोभायात्रा

भीलवाड़ा, (निसं)। खटीक समाज की महिलाओं द्वारा प्रथम बार कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा रेखा डिडवानिया के नेतृत्व में बगता बाबा प्रांगण से प्रारंभ होकर तिलक नगर होती हुई हरनी महादेव पहुंची। कावड़ यात्रा का भीलवाड़ा खटीक समाज के नवनिर्वाचित शहर अध्यक्ष रमेश खोईवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंबालाल पटेल ने स्वागत किया।

शमी से इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए। कोशिश होनी चाहिए की वह अगले 3-4 साल खेलें। ऐसा करने के लिए रास्त बनाना होगा। इसे लेकर उनसे बातचीत होनी चाहिए।
